**राज्यपाल सचिवालय**

**राज भवन जयपुर**

**राज्यपाल श्री बागडे ने महाराष्ट्र मंडल द्वारा आयोजित सार्वजनिक गणेशोत्सव में पूजा अर्चना की**

**गणेश आरती कर राष्ट्र और राज्य की समृद्धि और सम्पन्नता की कामना की, स्थानीय लोगों से संवाद किया**

जयपुर, 16 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे सोमवार को सी स्कीम स्थित महाराष्ट्र भवन में आयोजित सार्वजनिक गणेशोत्सव में पहुंचे। उन्होंने महाराष्ट्र के जयपुर रहने वाले लोगों से संवाद किया। वहीं उन्होंने जयपुर महाराष्ट्र मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों का भी अवलोकन किया।

बाद में श्री बागडे ने वहां स्थापित भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने गणेश जी की आरती उतारते हुए राष्ट्र तथा राज्य की समृद्धि और सम्पन्नता की कामना की।

---